## एक नजर

### जोधपुर में गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, दो की मौत

**जोधपुर. कासं।** जोधपुर में गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से 14 महीने के बच्चे समेत दो की मौत हो गई और 14 लोग झुलस गए। दो बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा भीतरी शहर के गुलाब सागर क्षेत्र के पास मियां की मस्जिद इलाके में एक घर-दुकान में सोमवार शाम हुआ। आग में झुलसे लोगों को एमजीएच बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। परिजनों का कहना है कि घर में एक व्यक्ति के फंसे होने की आशंका है। झुलसे हुए लोगों में सलीखा (13), सोहेल (26), सलमा (22), साइका (20), शाहिदा (38), सुहाना (19), मीनाज (37), फरीदा (48), साहिन (17), सुमाया (25), मेलिसा (डेढ़ साल) और साहिन शामिल है। सादिया (19) और हासिम (14 महीने) की मौत हो गई है। एमजीएच अस्पताल से 2 गंभीर झुलसे बच्चों को उम्मेद अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मकान में 3 से 4 बच्चे भी थे।

### अटल जन सेवा शिविर बुधवार को

**अजमेर. कासं।** आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को अवकाश होने के कारण बुधवार 9 अप्रैल को समस्त ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई को अटल जन सेवा शिविर में समायोजित किया गया है। ये शिविर प्रातः 10 बजे से जन सुनवाई पूरी होने तक आयोजित होंगे। इनमें समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इनके लिए सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपखण्ड पुष्कर एवं रूपनगढ़ के शिविर उपखंड मुख्यालय पर तथा उपखण्ड अजमेर, नसीराबाद, किशनगढ़, पीसांगन, अरांई, केकड़ी, सावर, भिनाय एवं सरवाड़ के शिविर पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा अंराई के शिविर में जनसुनवाई की जाएगी।

### सीकर कलेक्ट्रेट में पुजारियों का प्रदर्शन

**सीकर. कासं।** शक्तिपीठ जीणमाता मंदिर में वार्षिक मेले के दौरान पुजारियों के साथ मारपीट और अभद्रता करने के विरोध में सोमवार को सीकर में राजस्थान ब्राह्मण महासभा की ओर से विरोध-प्रदर्शन किया गया। पुजारियों ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। राजस्थान ब्राह्मण महासभा के युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया- 4 अप्रैल रात को जीणमाता में चल रहे वार्षिक की लक्खी मेले के दौरान मंदिर के पुजारियों के साथ प्रशासन व पुलिसकर्मियों ने मारपीट की थी। आरोप है कि पुजारियों के जनेऊ भी तोड़ दिए गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पुजारियों को अपमानित किया गया। इसलिए दोषी पुलिसकर्मियों को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। पुजारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 24 घंटे में दोषी पुलिसकर्मियों व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो साधु-संत व पुजारी कलेक्ट्रेट में धरना देंगे। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में ही भगवान की आरती-पूजा की जाएगी।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रमः ''आपणो स्वस्थ राजस्थान'' हमारा संकल्प

# प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी प्राथमिकताः मुख्यमंत्री शर्मा

**आमजन से जो वादा किया है, वह समय पर पूरा होगा, यही हमारी कार्यशैली**

### चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं की शुरूआत

जयपुर. कंचन केसरी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम ''विकसित भारत और विकसित राजस्थान'' के विजन के साथ ''आपणो अग्रणी राजस्थान-आपणो स्वस्थ राजस्थान'' के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेशवासियों से जो वादा किया है, वह हर हाल में समय पर पूरा होगा। इसमें कोई लापरवाही नहीं होगी, यही हमारी कार्यशैली है।



### निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने पिछले एक साल में स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज निरामय राजस्थान जैसे व्यापक जन अभियान और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है। इनमें टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी की शुरूआत, मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना की शुरूआत, 24 मोबाइल मेडिकल यूनिट 'राम रथ' तथा 10 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झण्डी, 29 यूनिट में स्तनपान प्रबन्धन इकाइयों का शुभारम्भ, ईट राइट राजस्थान अभियान तथा मिशन लीवर स्माइल का शुभारम्भ शामिल हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च, आयुष पद्धति से उपचार के लिए पैकेज का शुभारम्भ, एआई आधारित एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम, 50 चिकित्सा संस्थानों में हीमो डायलिसिस वार्ड का शुभारंभ भी आज किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नवीन विभाग एवं अन्य सुविधाओं का भी आज लोकार्पण किया गया। शर्मा सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में निरामय राजस्थान अभियान एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मरीज चिकित्सकों को भगवान के रूप में देखते हैं तथा चिकित्सक भी स्वस्थ समाज के निर्माण में महती भूमिका निभा रहे हैं। शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की कि वे निरामय राजस्थान अभियान का हिस्सा बनकर इसको जन अभियान बनाएं और आयुष्मान राजस्थान के संकल्प को साकार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पद्धतियां स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं। साथ ही, संत-महात्माओं का भी अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में योगदान है। नवरात्र के नौ दिन संयम, उपवास और साधना के माध्यम से हमें यह सिखाते हैं कि हमारी संस्कृति में भी स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है।



### प्रधानमंत्री के लिए स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गांव, गरीब और महिलाओं की पीड़ा को समझा है और स्वास्थ्य सेवाओं की कायापलट करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र जैसी योजनाओं से देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने टाइप-1 डायबिटीज देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी को शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरूआत जयपुर, नागौर, उदयपुर और जोधपुर के 12 जिला और उप जिला अस्पतालों से की गई। अब प्रदेश के सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से ये प्रारंभ की जा रही है। साथ ही, आज शुरू हुई मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। इसके तहत प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांक में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### ईट राइट राजस्थान तथा मिशन लीवर स्माइल का शुभारंभ

शर्मा ने कहा कि फैटी लीवर रोग से बचाव, रोकथाम एवं उपचार की दिशा में आज शुरू किया गया मिशन लीवर स्माइल कार्यक्रम एक कारगर कदम सिद्ध होगा। साथ ही, जंक फूड से दूर रहकर अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त करने की दिशा में आज ईट राइट राजस्थान अभियान का भी शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि शिशुओं को केवल स्तनपान करवाया जाना उनके बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये आवश्यक है। इसी के दृष्टिगत आज 12 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों व 17 जिला अस्पतालों की कुल 29 यूनिट में स्तनपान प्रबन्धन इकाइयों का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, मेडिकल कॉलेज जोधपुर में स्किल सेंटर और उम्मेद अस्पताल जोधपुर में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, जेके लोन अस्पताल जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मेडिकल जेनेटिक्स और महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट, जयपुर में रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एवं सर्जरी विभाग तथा महिला हॉस्टल का भी आज लोकार्पण किया गया है। निरामय राजस्थान के संकल्प को गति देने में ये सभी कार्य महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### चिकित्सा विभाग के लिए मानव संसाधन में नहीं आने देंगे कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल और सकारात्मक सुधार किए हैं। राजस्थान ने 3,355 टीबी मुक्त पंचायतें घोषित कर पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र में 24 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की है तथा लगभग 26 हजार पदों पर भर्तियों के लिए विभाग में तेजी से काम चल रहा है। चिकित्सा विभाग के लिए मानव संसाधन में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 27 हजार 660 करोड़ का बजट प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान था। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में भी स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बढ़ाकर लगभग 28 हजार 865 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत ढांचा सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, मा वाउचर, राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नवाचार किए हैं। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की तर्ज पर आज राज्य में निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत बीमारियों की रोकथाम के साथ बचाव पर भी जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न अभियानों, भर्तियों, नवाचारों एवं योजनाओं के माध्यम से अभूतपूर्व बदलाव ला रही है। निदेशक आईएलबीएस डॉ. शिव सरीन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से लीवर से संबंधित बीमारियों, रोकथाम, बचाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डिजिटल कॉफी टेबल बुक का विमोचन, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य क्षय यूनिट का सम्मान, अधिकतम टीबी मुक्त ग्राम पंचायत वाले उत्कृष्ट जिलों तथा चिकित्सा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया।

## आयकर विभाग के नोटिस से मची खलबली

### किसान के पैन कार्ड से बनाई फर्जी कंपनी, 143 करोड़ का हुआ लेन-देन

### पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अजमेर. कंचन केसरी।** अजमेर के सरवाड़ में किसान के साथ साइबर ठगी का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने किसान के पैन कार्ड से फजीवाड़ा कर कंपनी बनाई और 143 करोड़ रुपए का लेन-देन किया। पीड़ित किसान को इसकी जानकारी आयकर विभाग से मिले नोटिस के बाद पता चली। पीड़ित किसान सोमवार को न्याय की गुहार लगाने एसपी ऑफिस पहुंचा, जहां उसने एसपी वंदिता राणा को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाते हुए शातिर ठगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अजमेर जिले के सरवाड़ निवासी रामराज चौधरी ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी वंदिता राणा को ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई। एसपी को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित किसान रामराज ने बताया कि उसे 3 अप्रैल को आयकर विभाग की ओर से नोटिस मिला, जिसमें उसे जानकारी हुई कि उसके पैन कार्ड का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की गई है। पैन कार्ड से नीतियां एक्जिम नाम से वित्तीय वर्ष 2020-21 में कंपनी खोली गई, जिसमें कोटक महिंद्रा बैंक में खाता भी खोला गया जिसकी उसे जानकारी नहीं है और न ही उसने महिंद्रा बैंक में अपना अकाउंट खुलवाया है। पीड़ित किसान रामराज ने बताया कि वह कभी मुंबई भी नहीं गया और उसके नाम से कोई फर्म नहीं बनवाई है। वह सिर्फ 12वीं पास किसान है। इस फजीवाड़े की जानकारी उसे नोटिस मिलने के बाद मिली थी। जब वह आयकर विभाग पहुंचा और आयकर विभाग को इसकी जानकारी दी कि उसका कोई लेनदेन नहीं है और न ही उसने कोई खाता और और न ही उसने कोई कंपनी खोली है। **143 करोड़ रुपए का ट्रांसजेक्शनः** पीड़ित किसान रामराज ने बताया कि उसके पैन कार्ड से दुरुपयोग कर फर्जी कंपनी बनाकर 143 करोड रुपए का ट्रांजैक्शन किया गया। इतनी बड़ी राशि लेनदेन उसके लिए संभव है। इस फजीवाड़े के कारण परेशान है, जब वह इसकी शिकायत देने संबंधित थाने और साइबर थाने पहुंचा तो उसका कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। रामराज ने कहा कि सोमवार को अजमेर एसपी वंदिता राणा को शिकायत पत्र देकर शातिर लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## एमबीबीएस विद्यार्थियों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अजमेर. कंचन केसरी

जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल एवं नियंत्रक अनिल कुमार सामारिया की अध्यक्षता में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा एमबीबीएस विद्यार्थियों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र खन्ना ने बताया कि सोमवार जे एल एन मेडिकल कॉलेज अजमेर प्रिंसिपल एवं नियंत्रक अनिल कुमार सामारिया की अध्यक्षता में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा एमबीबीएस विद्यार्थियों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सबको स्वस्थ रहने का मंत्र दिया और कहा जब मानव स्वयं स्वस्थ रहेगा तभी वह समाज की चिंता करेगा एवं समाज को स्वस्थ रखेगा। चिकित्सक को अपने को स्वस्थ रखते हुए अपने समाज को भी स्वस्थ रखना है। सोमवार को जेएलएन कॉलेज से जो टीम इस प्रतियोगिता में विजय रही उनका मुकाबला पूरे राज्य के समस्त मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के समक्ष किया जाएगा, हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नई थीम होती है इस साल 2025 में उसका नाम स्वस्थ शुरूआत, आशाजनक भविष्य' है। कार्यक्रम में उपस्थित अस्पताल अधीक्षक डॉ अरविंद खरे, डॉ सुनील माथुर अतिरिक्त प्रधानाचार्य, डॉ गरिमा बाफना अतिरिक्त प्रधानाचार्य, डॉ रंजना, डॉक्टर गीता परिहार, डॉ विकास, डॉ नागपाल, डॉ जीसी मीणा, डॉक्टर मेहता, डॉ बीएल जाट, डॉ दीप्ति, डॉ पूनम, डॉ रुचिता बांसुरिया, पीजी रेजिडेंट डॉक्टर एवं एमबीबीएस के छात्र थे।




### कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में नसीम अख्तर इंसाफ अजमेर से भाग लेगी

**अजमेर. कासं।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में अजमेर से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं एआईसीसी सदस्य नसीम अख्तर इंसाफ भाग लेंगी। एआईसीसी मेंबर इंसाफ का अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में स्वागत कर अधिवेशन के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी इन्साफ अली, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा भी मौजूद रहे।

**कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन**
**नगर निगम हैरिटेज जयपुर**
(चौगान स्टेडियम के पास, गणगौरी बाजार, जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com Ph. No. 0141-2329953
क्रमांकः-F51() Dept.Comm./H.M.A.Z./2024-25/29
**आपत्ति सूचना** दिनांकः- 7.4.25
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्द्रप्रकाश सैन पुत्र श्री मालीराम सैन निवासी भूखण्ड संख्या ए-44, इन्द्रा वर्मा कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर का पट्टा जारी करने हेतु दस्तावेज सहित आवेदन किया गया है।
उक्त सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ सरकारी/ गैर सरकारी संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करें। मियाद गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
**उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन**
**नगर निगम हैरिटेज जयपुर**

## नवकार कलश यात्रा का शहर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

### आनन्द भवन पर हुआ समापन



**ब्यावर. कासं।** जीतो चैप्टर ब्यावर के तत्वावधान में सोमवार को नवकार कलश यात्रा अजमेरी गेट सुभाष चौक स्थित महावीर स्तम्भ से प्रातः 07.30 बजे प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर मेवाडी गेट स्थित आनन्द भवन पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। रथ यात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रथ यात्रा को ब्यावर चैप्टर के चेयरमैन रतन कोठारी, चीफ सेक्रेटरी सुभाष ओस्तवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्था के चेयरमेन रतन कोठारी ने बताया कि 09 अप्रैल को जवाहर भवन में आयोजित होने वाले नवकार महामंत्र के जाप समारोह को सफल बनाने के उद्देश्य से रथयात्रा का आयोजन किया गया है, उन्होंने सभी को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। जीतो ब्यावर चैप्टर के मुख्य सचिव सुभाष ओस्तवाल ने बताया कि कलश यात्रा को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखा गया, यात्रा में जीतो के सदस्यों के अतिरिक्त सकल जैन समाज के बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोग शामिल थे। रास्ते भर सभी ने जय महावीर के नारों के साथ नवकार मंत्र के जाप को गुंजायमान किया।

**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक**
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)
पंजीकृत कार्यालयः दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 शाखा कार्यालयः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि | वर्तमान बकाया राशि 06-04-2025 तक | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33679420002437 | 1) श्री विपिन जैन पुत्र अनिल कुमार जैन (आवेदक), 2) श्रीमती लक्ष्मी जैन पत्नी अनिल कुमार जैन (सह-आवेदक) | 24-07-2024 | 02.01.2025 | रुपए 29,38,451.36/- (रुपए उनतीस लाख अड़तीस हजार चार सौ इक्यावन व छत्तीस पैसे मात्र) | 22.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 18,90,000/- (रुपए अठारह लाख नब्बे हजार मात्र) | रुपए 1,89,000/- (रुपए एक लाख नवासी हजार मात्र) | 28.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 26-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पताः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सुरक्षित सम्पत्ति का विवरणः** समस्त अंश व खंडः अचल संपत्ति यूनिट नंबर 103, प्रथम तल स्थित प्लॉट नंबर 464, स्वर्ण विहार कॉलोनी, मुहाना मंडी के पास, ग्राम हाज्यावाला, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान-302029, राजस्थान। परिमाप 1000 वर्ग फीट। **श्रीमती लक्ष्मी जैन पत्नी अनिल कुमार जैन द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्धः पूरबः** सार्वजनिक सड़क, **पश्चिमः** सार्वजनिक सड़क, **उत्तरः** प्लॉट नंबर 463, **दक्षिणः** प्लॉट नंबर 465 | | | | | | | | | |
| 2 | 45919420001391 & 45919420001273 | 1) श्री आनंद चौहान पुत्र जवारी लाल (आवेदक), 2) श्रीमती सीमा पत्नी श्री आनंद चौहान (सह-आवेदक), 3) श्रीमती कांता पत्नी श्री जवारी लाल (सह-आवेदक), 4) श्री मंगल चंद पुत्र जवारी लाल (सह-आवेदक) | 18-09-2024 | 06.02.2025 | रुपए 25,16,945.39/- (रुपए पच्चीस लाख सोलह हजार नौ सौ पैंतालीस व उनचालीस पैसे मात्र) | 22.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 13,74,500/- (रुपए तेरह लाख चौहत्तर हजार पांच सौ मात्र) | रुपए 1,37,450/- (रुपए एक लाख सैंतीस हजार चार सौ पचास मात्र) | 28.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 26-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पताः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सुरक्षित सम्पत्ति का विवरणः** समस्त अंश व खंडः अचल संपत्ति प्लॉट नंबर 27, स्थित खसरा नंबर 118, अम्बे विहार योजना, ग्राम झालामंड, तहसील और जिला जोधपुर, राजस्थान-342001, परिमाप 91.22 वर्ग गज। **श्रीमती कांता पत्नी श्री जवारी लाल द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्धः पूरबः** सड़क 30 फीट, **पश्चिमः** अन्य भूमि, **उत्तरः** प्लॉट नंबर 26, **दक्षिणः** सड़क 30 फीट। | | | | | | | | | |
| 3 | 45919430000668 | 1) श्री श्रवण लाल, पुत्र सोना राम (आवेदक), 2) श्रीमती प्रभु देवी, पत्नी श्री श्रवण लाल (सह आवेदक) | 10.11.2023 | 18.01.2025 | रुपए 20,41,247.52/- (रुपए बीस लाख इकतालीस हजार दो सौ सैंतालीस व बावन पैसे मात्र) | 22.04.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक | रुपए 16,01,100/- (रुपए सोलह लाख एक हजार एक सौ मात्र) | रुपए 1,60,110/- (रुपए एक लाख साठ हजार एक सौ दस मात्र) | 28.04.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे | 26-04-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पताः जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 |
| | **सुरक्षित सम्पत्ति का विवरणः** समस्त अंश व खंडः अचल संपत्ति पट्टा संख्या 60, बही संख्या 68, मिसल संख्या 119/2017-18, ग्राम पंचायत ओसियां, पंचायत समिति ओसियां, तहसील ओसियां जिला जोधपुर, राजस्थान। परिमाप 129.16 वर्ग गज। **श्री श्रवण लाल पुत्र सोना राम द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्धः पूरबः** खुमाराम/जैसाराम प्रजापत, **पश्चिमः** सार्वजनिक सड़क, **उत्तरः** गली, **दक्षिणः** रामधन/उमाराम जाट। | | | | | | | | | |

सम्पत्तियां ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबरः 9515160064** ई-मेल आईडीः **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**
ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653)**, प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**तिथिः 08-04-2025** **स्थानः राजस्थान** **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**